न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रार्थना पत्र स्थानान्तररण मुकदमा संख्या 56/2022 लल्लू प्रसाद बनाम श्री कुलदीप मीना तहसीलदार राहूवास व अन्य	
09.06.2023	पत्रावली पेश हुई। अप्रार्थी संख्या 2 व 3 की ओर से अधिवक्ता श्री मोहम्मद आरिफ उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार राहूवास की तथ्यात्मक टिप्पणी प्राप्त होकर संलग्न पत्रावली है। अधिवक्ता प्रार्थी एवं प्रार्थी को बार–बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता प्रार्थी अथवा प्रार्थी में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। इससे प्रतीत होता है कि प्रार्थी विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को नहीं चलाना चाहता है। ऐसी स्थिति में न्यायालय तहसीलदार राहूवास में विचाराधीन प्रकरण संख्या 3/2022 धारा 183 (बी) उनवानी रामसहाय बनाम लल्लू को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थी लल्लू प्रसाद पुत्र स्व. कन्हैयालाल जाति महाजन निवासी ग्राम जगनेर नेहडी तहसील राहूवास जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार राहूवास को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 09.06.2023 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (सुरेश कुमार) अति. जिला कलक्टर दौसा	Decision copy 1150 31-7-23

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official